

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https:// dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 63 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 30 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## ईद उल अजहा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाय

### उपाध्यक्ष और पार्षदों ने दी ईद उल अजहा की मुबारकबाद



छपारा यशोः- 29 जून को 9:30 ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार ईद उल अजहा का पर्व साल के आखिरी 12 वे महीने मैं आता है इस वर्ष 29 जून को ईद उल अजहा मुसलमानों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद उल अजहा हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम को अल्लाह ताला ने वाब में हु म दिया कि आप अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बान कर दे इसलिए बकरा ईद पर हर कोई मुस्लमान कुर्बानी देता है यही कुर्बानी हजरत इब्राहिम अस्सलाम की कुर्बानी को याद करने के लिए दी जाती है ईद उल अजहा में कुर्बानी देना वाजिब है ।

बड़ी मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज 9-30 के बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की इस अवसर पर ईद उल अजहा की मुबारकबाद देने पहुंचे छपारा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह जी पार्षद धर्मेंद्र जैन रामेश्वर बंजारा राकेश भारद्वाज नायाब तहसीलदार टी आई पटेल जी सुरेश साहू आर आई छपारा सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारक दिया जिसमें बड़ी मस्जिद के इमाम अब्दुल सलाम साहब अल्पसं यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद खान साजिद पटेल साहब जमील भाई देशबंधु के संवाददाता रफीक खान शमीम अहमद इदरीश अंसारी जावेद अहमद मोह मद मुनीर खान सहित बड़ी सं या में लोग इस अवसर शामिल हुए

## प्रभारी मंत्री ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कर सहायता प्रदान करने दिये निर्देश, कुलस्ते ने लखनादौन पहुँच लिया जायजा

सिवनी यशोः- पिछले दिनों हुई भारी बारिशा के कारण जिले के अनेक क्षेत्रों में आमजनों को परेशानी और बारिश क्षति की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा को देते हुये पीड़ितों को त्वरित सहायता के लिये आग्रह किया था जिस पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा ने जिले के कले टर से चर्चा कर जानकारी ली एवं जिले में हुई भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए मकानों एवं पशु हानि का त्वरित सर्वे कर पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि प्रदाय करने के दिए निर्देश।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिले में भारी वर्षा से हुई नुकसानी से भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने जिले के प्रभारी को अवगत कराया तथा केन्द्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के साथ लखनादौन पहुँचे जहाँ उन्होंने वर्षा से हुई नुकसानी का जायजा लिया तथा पीडितों की मदद के लिये प्रशासन तथा नगरीय प्रशासन को निर्देश दिये ।

जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने विगत दिवस लखनादौन में भारी वर्षा एवं बारिश से हुई मकानों की क्षति, जान-माल एवं पशु हानि के संबंध में कले टर क्षितिज सिंघल से फोन में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की।

प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा ने वर्षा से प्रभावित लोगों को जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद देने तथा प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों में रखने एवं उनके भोजन-पानी, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य



आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा वर्षा से हुए मकानों, पशुओं तथा जान-माल की क्षति का शीघ्र सर्वे करवाकर त्वरित आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा ने विकासखंड केवलारी के ग्राम घाट खरपड़िया स्थित वैनगंगा नदी फंसे लोगों के जिला प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षित रेरे यू एवं स्वास्थ्य की जानकारी तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा से हुए जान माल की हानि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर हर संभव मदद देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगमी समय में भी ऐसी स्थिति से निपटने हेतु सभी राहत बचाव संबंधी आवश्यक संसाधनों की पूर्व तैयारियां रखने के भी निर्देश दिए।

लखनादौन पहुँचे केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने लखनादौन में बारिश से उत्पन्न हुई परेशानी के संबंध में प्रशासन एवं नगरीय प्रशासन से चर्चा कर पीड़ितो को त्वरित राहत प्रदान के निर्देश देते हुये पुल पुलिया एवं आवागमन के मार्गो में उत्पन्न परेशनियों को दूर करने के निर्देश दिये । श्री कुलस्ते ने कहा है कि आगामी समय में तेज बारिश परेशानियाँ होने की संभावनाओं वाले स्थलों का चयन कर आवश्यक सुरक्षा के उपायों की तैयारी रखें । लखनादौन में श्री कुलस्ते के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, गजानंद पंचेश्वर, सहित अनेक पदाधिकारी एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे ।

## आदिपुरूष फिल्म में सनातन संस्कृति का उपहास उड़ाया गया: विरोध होना चाहिये

सिवनी यशोः- आदिपुरूष' कितना सुंदर शब्द है, लेकिन इस फिल्म के पात्रों के द्वारा बोले गये डायलॉग से हमारी सनातन संस्कृति का उपहास उड़ाया गया है, जिसका विरोध होना चाहिये। आज हिन्दू संगठन और हिन्दू धर्माचार्य मौन` यों बैठे हुये हैं?` या हिन्दू संगठन राजनैतिक संगठन के कहने पर ही विरोध और समर्थन करते हैं? यह बात आज व्यासपीठ से कथा को विश्राम देने के बाद आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कही है।

आपने कहा कि, सनातन संस्कृति का कोई मजाक बनाये यह बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिये। हम सभी धर्मों का स मान करते हैं लेकिन कोई हमारे धर्म का उपहास उड़ाये तो यह सहनीय नहीं है। आपने कहा कि फिल्म का नाम तो बड़ा सुंदर रखा गया है, लेकिन उसमें पात्रों का जो चित्रण और संवाद है वह हमारे धर्म का उपहास उड़ाने वाला है। आज हम इस फिल्म के माध्यम से बच्चों को` या सिखायेंगे कि हमारे देवी देवता ऐसे थे? एक वो रामानंद सागर थे, जिन्होंने रामायण बनाई और आज भी हम उन संवादों को यादकर और पात्रों के चित्रण को अपने मन मस्तिष्क में लाने पर प्रफुल्लित हो उठते हैं।



स्वामी जी ने कहा कि, सरकार हिन्दुवादी होने की बात करती हैं, लेकिन सनातन संस्कृति के साथ हो रहे मजाक पर वह भी चुप बैठी है। यह सरकार का भी दोहरा मापदंड है। कोई अपना यदि ऐसी गलती करेगा तो` या वह चुप बैठे रहेगी? आज यदि हम दोहरा मापदंड अपनायेंगे तो यही सनातन संस्कृति के नष्ट होने का कारण बनेगा। आपने सीधे-सीधे आरोप लगाया कि, समाज को बांटने का काम चलचित्र के माध्यम से हो रहा है। ये यदि दिखायेंगे तो ब्रा हण को उपहास का कारण बनायेंगे, वैश्य को शोषक बतायेंगे और गुंडे बदमाश किसी क्षत्रीय को दिखायेंगे। यह समाज और संस्कृति के लिये ठीक नहीं है।

स्वामी प्रज्ञानानंद जी ने कहा कि, उदयपुर में एक घटना कर दी गई और मुस्लिम आतंकवाद के चलते वहां की सारी दुकानें बंद हो गई। कैसा दुर्भाग्य है कि जिसने हिन्दू विरोधी डायलॉग लिखे सरकार उनको उपकृत कर रही है। हमें शिकायत है सरकार से भी। आपने कहा कि हिन्दू देवी-देवताओं का उपहास तो उड़ा लिया जाता है, लेकिन अन्य धर्म का उपहास उड़ाने की हि मत इनमें नहीं होती।

आपने सभी उपस्थितजनों को व्यासपीठ से आशीर्वाद दिया। आपने आयोजक अधिवक्ता बेनीशंकर शर्मा को साधुवाद दिया कि उन्होंने इस कथा के द्वारा अपनी माँ का मंगलमय तो किया ही है, अपने पिता, अपने कुटु बजन और क्षेत्रवासियों को भी इस कथा का लाभ प्रदान कराया। आपने जानकी वल्लभ मिश्र के बारे में कहा कि, आप गीता का प्रचार प्रसार कर रहे हैं और ब्रा हण पुरोहितों को तैयार करने का प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं।

## वीआईपी बारापत्थर क्षेत्र में खुलेआम धारदार हथियार से युवक पर प्राणघातक हमला



सिवनी यशोः- जिला मु यालय के बारापत्थर क्षेत्र में स्थित टॉप इन टाउन के संचालक राजेश हरिरमानी के पुत्र शुभम हरिरमानी उम्र 25 वर्ष पर मामूली विवाद पर युवकों ने प्राणघातक हमला कर दिया। गुरूवार की शाम लगभग 7 बजे हुये बाहुबली चौक में अफरा तफरी का माहौल रहा है युवको द्वारा पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया गया बताते है कि नियमित पुलिस ड्युटी में तैनात पुलिस कर्मी भी हो रहे घटनाक्रम को देखकर भाग खड़े हुये । पुलिस कोतवाली को विभिन्न माध्यम से सूचना दी गई लेकिन लगभग 45 मिनिट बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लगभग आधे घंटे तक एसपी निवास जाने वाले बाहुबली चौक में जाम की स्थिति निर्मित रही। घायल राजेश को उसके परिजनों ने इलाज हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला करने वाले युवक जिसने टॉप इन टाउन के बाजू में संचालित फास्ट फूड सेंटर से सब्जी काटने के औजार एवं झारा लेकर राजेश को घायल कर दिया। इस दौरान प्रतिष्ठान में कार्यरत विजय उइके को भी चोट लगी है। ईद पर्व को लेकर पूरे जिले में पुलिस अलर्ट थी लेकिन जिस तरह वीआईपी क्षेत्र में लगभग पौंन घंटे तक हडकंप की स्थिति बनी रही वह स्पष्ट कर रहा है कि नगर की कानून व्यवस्था कितनी गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कार्बेट टाईगर पर होगा मु य कार्यक्रम

सिवनी यशोः-अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2023 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर मु य कार्यक्रम कार्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में होना है। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त टाइगर रिजर्व स्तर पर जुलाई 2023 के प्रथम सप्ताह में स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली चित्रकला (पेंटिंग) का प्रदर्शन कार्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में होने वाले कार्यक्रम के दौरान किया जावेगा। इसी तारत य में पेंच टाइगर रिजर्व, के अंतर्गत सिवनी एवं छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी समुदाय के लोगों के लिये चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आदिवासी समुदाय के सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। प्रथम चरण में इच्छुक कलाकार दिनांक 05/07/2023 तक कार्यालय क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी अथवा कार्यालय सहायक वन संरक्षक, छिन्दवाड़ा क्षेत्र, छिन्दवाड़ा में साईज 18 इंच बाई 24 इंच या 15 इंच बाई 27 इंच या समकक्ष आकार की ड्राइंग शीट पर वॉटर कलर या पोस्टर कलर पेंटिंग जो कि आदिवासी जीवन शैली में हो या आदिवासी कला, संस्कृति को दर्शाती हो तैयार कर जमा कर सकते हैं। पेंटिंग स्वयं के द्वारा तैयार की जानी आवश्यक है एवं सभी प्रतिभागी इस बाबत् प्रमाण-पत्र भी चित्रकला के साथ संलग्न करेंगे तभी चित्रकला को प्रतियोगिता में स मिलित किया जावेगा। जमा की गई चित्रकला में से 25 सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों को सदर कार्यालय सिवनी आंमंत्रित किया जाकर द्वितीय चरण में समक्ष रहकर चित्रकला चित्रित करनी होगी। द्वितीय चरण में स मलित प्रतिभागियों में से विजेताओं का अंतिम रूप से चयन किया जायेगा पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी द्वारा पृथक से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने विजेताओं को क्रमशः राशि 5001, 2501, 1501 तथा अन्य 10 श्रेष्ठ चयनित चित्रकला को 1001/- रूपये प्रति विजेता सहित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र से पुरूस्कृत किया जायेगा। द्वितीय चरण में स मिलित होने वाले प्रतिभागियों को अपने निवास स्थान से प्रतियोगिता स्थल कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी आने-जाने का बस/स्टेशन से यात्रा किराया का भुगतान कार्यालय द्वारा किया जायेगा जिस हेतु यात्रा टिकिट प्रस्तुत करनी होगी इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिये श्रीमती रफीका बी खान (सिवनी जिला हेतु) उनके मोबाईल नंबर 9424794145 पर एवं श्री अमित शु ला, (छिन्दवाड़ा जिला हेतु) उनके मोबाईल नंबर 7987912445 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सिवनी छिंदवाड़ा के चित्रकला में सफल आदिवासी कलाकार होंगे शामिल

## मंडी के कर्मचारी शासन को लगा रहे चूना



सिवनी यशोः- सिवनी की कृषि मंडी किसी कुबेर के खजाने से कम नहीं हैं योंकि इस मंडी से रोजाना लाखों करोड़ों रुपयों के विभिन्न किस्म के अनाजो की आवक जावक होती है । आसपास के लगे हुए ग्राम से किसान यहां पर अनाज लाते है और अच्छी खासी शासन के नियमानुसार निर्धारित दर पर रेट उन्हें मिलता है । किसान भी खुश हैं योंकि शासन ने जो उनके लिए रेट निर्धारित कर रखें वह उन्हें मिल जाते है । यहां पर रोजाना दर्जनों ट्रक अनाज से भरे हुए अन्य राज्यों के लिए जाते हैं और इन ट्रकों को अवैध रूप से वसूली की जाती है जो राशि मंडी के खाते में जाना चाहिये वह कर्मचारियों की जेब में जा रही है जानकारी के अनुसार पिछले दिनें भोपाल से जाँच के लिये टीम आयी थी परंतु उस टीम के जाते ही पुनः मंडी उसी हिसाब से चल रही है कोई सुधार नहीं आया । जानकारी के अनुसार रोजाना दर्जनों ट्रक जिसका कोई भी लेखा-जोखा शासकीय कागजों में नहीं होता उसके बावजूद भी बॉर्डर पार कर दिए जाते हैं विचारणीय तथ्य है आखिर इसमें ना जाने कितने लोग हैं जो कि इस काम को अंजाम दे रहे हैं सारा खेल व्हाट्सएप फोन के माध्यम से किया जाता है व्हाट्सएप पर उक्त ट्रक का नंबर दे दिया जाता है जिसको बॉर्डर पार करवाना है सूत्रों प्राप्त खबर के अनुसार एक ट्रक से लगभग 5 से 10000 रूपये लिए जाते हैं और दिन भर में दर्जनों ट्रक बॉर्डर पार कर दिए जाते हैं ।

बताया जाता है कि बिना अनुज्ञा क`ट्रक बार्डर से पास करा दिये जाते है । कृषि उपज मंडी में चल रहे इस खेल के माध्यम से कृषि उपज मंडी को लाखों रूपये का चूना लगाया जा रहा है ।

## जिले की औसत वर्षा की जानकारी

मंडला। जिले में इस वर्ष एक जून से 28 जून के दौरान 234.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 101.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 132.7 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को मंडला में 131.4 मि.मी., नैनपुर में 93.8 मि.मी., बिछिया में 56.4 मि.मी., निवास में 78.6 मि.मी., घुघरी में 70.1 मि.मी. एवं नारायणगंज में 94.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 28 जून को 87.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## भाजपा की पुनः सरकारे बनना राष्ट्रहित के लिये आवश्यक - आलोक

सिवनी यशोः - भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त जिले के समस्त मंडलों मे प्रवास पर आये विस्तारकों को मेरा बूथ सबसे मजबूत योजना के तहत जिले के सभी मंडलों में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें आवश्यक जानकारी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं पार्टी के उपस्थित पदाधिकारियों ने सास मान रवाना किया ।

भाजपा जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जानकारी देते हुये बताया कि जिले में प्रशिक्षित विस्तारको को पार्टी की कार्य योजना की जानकारी देते हुये भाजपा जिलाअध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि पार्टी राष्ट्रहित में कार्य करते हुये देश के विकास और जनकल्याण की भावना से निरंतर कार्य कर रही है और भाजपा की सेवा भावना वाली विचारधारा और कार्यशैली से देश में खुशहाली आयी है देश का विश्व में स मान बढ़ा है देश को परम वैभव में लेजाने के लिये भाजपा की केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार पुनः बने इसके लिये आवश्यक है कि एक एक बूथ मजबूत रहे इस योजना पर आप सभी विस्तारक प्रत्येक मंडलों के बूथों में भाजपा के करणी कार्यो का क्रियांवयन पूरी ताकत से कराये और बूथों के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को सक्रिय करने में पूरी ताकत लगाये और कार्य का विस्तार करते हुये सगठन की मजबूती में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें । भाजपा जिलाअध्यक्ष आलोक दुबे ने भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आप सभी के सहयोग के लिये पार्टी ने स्थानीय कार्यकर्त्ताओं की टीम नियुक्त की है और यदि कोई परेशानी आये तो जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों से सीधा संपर्क करें ।

भाजपा जिला महामंत्री एवं बूथ विस्तारक अभियान के जिला प्रभारी गजानंद पंचेश्वर ने बूथ विस्तारक अ ियान के विस्तारकों से कहा कि वे सभी मंडल स्तर पर बूथ अध्यक्षों की बैठक ले फिर शक्तिकेन्द्र स्तर के पदाधिकारियों से प्रवास कर संपर्क करें एवं बूथों में पहुँचकर बूथ समितियों का सत्यापन करें और संगठन के निर्धारित 22 करणी कार्यो को संपन्न करते हुये महाजनसंपर्क अभियान के तहत वरिष्ठजनों से संपर्क कर संपर्क से समर्थन कार्यक्रम को संपन्न कर पार्टी की ताकत को बढाये । सरकार की जनकल्याण की योजनाओं को जनजन तक पहुँचायें ।



मंडलों भेजे गये सभी विस्तारकों को आवश्यक जानकारी के रवाना करने के पूर्व विधानसभा प्रभारियों, मंडल प्रभारियों मंडल अध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारियों से परिचित कराया गया मंडल से संबंधित पदाधिकारियों ने मंडलों में जाने वाले विस्तारकों का स्वागत किया और उन्हें अपने मंडलों में सास मान लेकर रवाना हुये । जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी का जो देश व्यापी महा जनसंपर्क अभियान चल रहा है उस अभियान के तहत पार्टी ने समस्त मंडलों मे अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को विस्तारक की भूमिका मे भेजा है। उसी क्रम मे आज जिला सिवनी मे विभिन्न क्षेत्रों से आये विस्तारकों को उनके मंडलों की ओर रवाना किया गया। जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के नेतृत्व मे जिला कार्यालय मे एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे प्रवास पर पधारे समस्त विस्तारकों का पुष्प माला एवं अंग वस्त्र से अभिनंदन किया गया तथा उन्हें अपने गंतव्य मंडल की ओर प्रस्थान कराया गया। समस्त विस्तारक अपने मंडलों मे आगामी 10 दिवसों तक प्रवास पर रहेंगे तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन के विस्तार एवं संगठन के सुदृढ़ीकरण का कार्य करेंगे। समस्त विस्तारक प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता हैं जो मंडल स्तर से बूथ स्तर तक के सांगठनिक 22 करणी कार्यो को करते हुये संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचा कर पार्टी के विस्तार मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान ने किया कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी, विधानसभाओं के प्रभारी सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

### भाजपा के सभी मंडलों कसावट के लिये विस्तारक भेजे गये

### जबरन नॉलेज



## रोजगार मेले का आयोजन आज डाईट में

मंडला यशोः- जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा जिनकी उम्र 18-35 वर्ष एवं योग्यता-कक्षा 8वीं से स्नातक एवं आई.टी.आई उत्तीर्ण को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 30 जून 2023 को डाइट (बीटीआई) मण्डला में रोजगार मेले का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला एवं जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार दिवस में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित क पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## छात्र-छात्राओं का आपदा संबंधी उपकरणों की दी गई जानकारी

मंडला यशोः- भारत ज्योति स्कूल में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्काउट गाइड के विद्यार्थी एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को बाढ़ सहित भूकंप, अग्नि दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार सर्पदंश, घरेलू उपकरणों से बचाओ के लिए उपकरण बनाने के आदि की जानकारी प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते द्वारा दी गई। आपदा के दौरान इस तरह से बचाव एवं राहत कार्य किए जाते हैं कि विस्तार से जानकारी दी गई एवं आपदा संबंधी उपकरणों से बच्चों को परिचय कराया एवं उनके उपयोग आदि की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में संजय तिवारी जिला मु य आयुक्त स्काउट गाइड, सचिव स्काउट गाइड दिनेश दुबे, प्राचार्य सिस्टर मरियम, फादर जे स डिसूजा, समीर खान स्काउट मास्टर कमलेश रजक, हेमंत श्रीवास्तव, अपेक्षा मिश्रा, रितु चंद्रोल, आनंद ज्योतिषि एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। प्रशिक्षक टीम में प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते एसडीईआरएफ पीसी प्रभात तिवारी हवलदार कोमल सिंह, सन्नी श्रीवास एवं एसडीआरएफ के जवान उपस्थित रहे।

## बाढ़ में फसे लोगों का किया गया रैस्- यू



मंडला यशोः- तहसीलदार घुघरी ने बताया की 27 जून की रात्रि में तहसील घुघरी अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया के बाकलनाला में मछली पकड़ने गए 7 लोग अचानक आई बाढ़ में फस गए थे। प्रशासन, पुलिस बल, पंचायत एवं स्थानीय ग्रामवासियों के सहयोग से फसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। इसी प्रकार घुघरी के ही ग्राम पंचायत चुरिया में 10 लोग अचानक आई बाढ़ में फस गए थे जिन्हे भी स्थानीय लोगों के सहयोग से सुरक्षित निकला गया। 28 जून को नैनपुर-बालाघाट क्षेत्र में फसे 2 लोगों को स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया।

**बाढ़ के दौरान ख़तरनाक स्थलों पर न जाने की अपील**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिलेवासियों से अपील की है कि बाढ़ के दौरान ख़तरनाक स्थानों पर न जाएं। इसी प्रकार पुल पर पानी होने की दशा में पुल आदि भी पार न करें। उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि अभिभावक भी अपने बच्चों को इस संबंध में आवश्यक समझाईश दें कि बाढ़ एवं ख़राब मौसम के दौरान ख़तरनाक या दुर्घटना संभावित स्थानों पर न जाएं।

## कले टर ने कंट्रोल रूम एवं आपदा प्रबंधन कक्ष का औचक निरीक्षण

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कले ट्रेट कार्यालय में स्थापित किए गए जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण किया। कले टर ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम का नंबर लगातार सक्रिय रखें। इसी प्रकार अल्टरनेट सीयूजी मोबाइल नंबर की भी व्यवस्था बनाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम की ड्यूटी में संशोधन करते हुए प्रतिदिन एक वरिष्ठ अधिकारी की ड्यूटी लगाएं। इसी प्रकार एसएलआर सप्ताह के सातों दिन कंट्रोल रूम में ड्यूटी करेंगे। उनकी सहायता के लिए सहायक एसएलआर भी ड्यूटीरत होंगे। उन्होने कंट्रोल रूम में ड्यूटीरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तरीय कंट्रोल रूम के नंबर एवं अन्य ज़रूरी नंबरों का समुचित रूप से संधारण करें तथा परस्पर सतत रूप से संपर्क में रहें।

कले टर डॉ. सिडाना ने जिला होमगार्ड्स द्वारा आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए की गई तैयारियों का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कमांडेंट होमगार्ड को निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी समस्त बचाव सामग्री जैसे- रस्सी, बोट, दवाइयां, ज़रूरी उपकरण, टार्च आदि तहसील स्तरों पर वितरण करें। इसी प्रकार ज़िलेभर के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्रशिक्षित अमले की तैनाती सुनिश्चित करें। उन्होंने लाइफ़ जैकेट, लाइफ़ बॉल, चिकित्सा सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री को भी मैदानी स्तर पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में तत्काल भेजने के निर्देश दिए।

### जनपद पंचायत मोहगांव में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित

मंडला यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार वर्षाकाल के दौरान अतिवृष्टि, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा की संभावनाओं को देखते हुए जनपद पंचायत मोहगांव में आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 8717873763 है।

# लाड़ली बहनों के साथ विधायक राकेश पाल ने किया भूमि पूजन

### महाजनसंपर्क अभियान के शुभारंभ में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठजनों से मिलने पहुंचे केवलारी विधायक



उगली यशोः- मंगलवार को केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने ग्राम जेवनारा में बहुप्रतिक्षित जेवनारा पटबर्रा से आमाटोला पहुँच मार्ग का भूमि पूजन मु यमंत्री की लाड़ली बहनों के साथ किया । जिसकी लंबाई 1 किलोमीटर हैं। इस मार्ग के निर्माण लगभग 25 लाख रुपये की लागत किया। निरंतर विकास के पथ पर बढ़ता केवलारी विधानसभा क्षेत्र इस मार्ग के निर्माण हो जाने से लगभग 8 से अधिक ग्रामों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। आजादी के बाद इस सड़क मार्ग का निर्माण केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के प्रयासों से किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में श्री पाल के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

अपने प्रवास के दौरान श्री पाल ने संपर्क से समर्थन एव महाजनसंपर्क अभियान के तहत केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मंडल उगली अंतर्गत ग्राम पंचायत घुरवाड़ा निवासी लक्ष्मी प्रसाद गौतमके निवास पर जाकर केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने मुलाकात किया एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से भेंट किया। ग्राम ढुटेरा में केके पारधी के निवास पर, ग्राम खैरी में श्री पुरुषोंत्तम राहंगडाले के निवास पर,ग्राम सारंडि में धर्मेंद्र पारधी के निवास पर मुलाकात करने पहुँचे केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह। इस दौरान उन्हें केंद्र सरकार एवं प्रदेश की द्वारा किए विकास कार्यो से अवगत कराया। समस्त ग्रामों में ग्रामीणो से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन जल्द से जल्द निराकरण करने का संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया।

## पेसा ए ट समितियों को समझाया कैसे छोटे विवादों को गांव में ही हल कर सकते हैं

मंडला यशोः- जनपद पंचायत मोहगांव की ग्राम पंचायत मुनू में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें शासन द्वारा लागू पेसा ऐ ट के तहत गठित शांति एवं विवाद निवारण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को पंचायत के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान समिति गठन के प्रावधान, समिति में एक-तिहाई महिलाओं की भागीदारी, विवादों के निराकरण में पारंपरिक पद्धति अपनाना, की बात को लेकर, आपसी सहमति समिति द्वारा बैठक के संचालन संबंध में अभिलेखों के संधारण की प्रक्रिया, समिति के निर्णयों पर अपील- ग्राम सभा, शांति एवं विवाद निवारण समिति में पुलिस की भूमिका आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से समिति के सदस्यों ने अपने अधिकारों के साथ-साथ किस तरह के विवादों के निराकरण, उसकी पारंपरिक पद्धति के बारे तथा साथ ही विवादों के अभिलेखों के संधारण की प्रक्रिया के बारे में जाना। इस प्रशिक्षण में महिलाओं की उपस्थिति भी अधिक रही। समिति ने प्रशिक्षण प्राप्त कर छोटे-छोटे विवादों का समिति के स्तर पर निराकरण करने का निर्णय लिया। उससे अधिक विवादों का निराकरण समिति करेंगी। थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.

### चाबी चौकी शांति समिति की बैठक आयोजित

मंडला यशोः- मंगलवार को चाबी चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चौकी प्रभारी कुंवर सिंह बिसेन ने बकरीद का त्यौहार शांति, सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। समिति की बैठक में समाजसेवी शमशाद खान, तिलक पाटिल, भोलाराम साहू, संदीप जायसवाल सहित बड़ी सं या में चाबी के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## सूचना तंत्र प्रभावी रखें, जलभराव संभावित क्षेत्रों की जानकारी अपडेट रखें - कले टर

### आपदा प्रबंधन की बैठक में निर्देश

मंडला यशोः- जिला आपदा प्रबंधन के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित विभागों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में होमगार्ड अमले की तैनाती एवं उनके लिए जरूरी सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा भौतिक सत्यापन भी करें। कले टर ने निर्देशित किया कि जिला स्तर पर अत्यावश्यक परिस्थितियों के लिए मोटरबोट भी उपलब्ध है, आवश्यकता होने पर तत्काल संबंधित क्षेत्रों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि एसडीएम अपने क्षेत्र के चिकित्सालयों का भी भ्रमण करते हुए उनमें आपदा प्रबंधन एवं बारिश के दौरान आवश्यक दवाईयों जैसे- ओआरएस, ब्लीचिंग पाउडर, सर्पदंशरोधी दवाईयाँ आदि का भी निरीक्षण करें तथा उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसी प्रकार दवाई वितरण की व्यवस्था भी पु ता रखें।

कले टर ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों में कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए नियमित ड्यूटी निर्धारित करें। प्रतिदिन एक वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित करें। कंट्रोल रूम में समुचित व्यवस्था एवं जरूरी नंबर संधारित रखे जाएं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान सभी प्रभावी सूचना तंत्र रखें एवं समन्वय के साथ प्रबंधन की कार्यवाही करें।

**जलभराव संभावित क्षेत्रों पर सतत् निगरानी रखें**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जल संसाधन विभाग एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रों के जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करें। इसी प्रकार लगातार बारिश के चलते जलभराव की संभावना वाले क्षेत्रों पर भी सतत् निगरानी रखें एवं स्थानीय तथा जिला स्तर पर इसकी सूचना दें। संबंधित अधिकारी जलभराव संभावित क्षेत्रों का समय-समय पर भ्रमण भी करें। साथ ही जानकारी को अपडेट भी रखें। कले टर ने सड़क से जुड़े विभागों को निर्देशित किया कि बारिश के दौरान पुल-पुलियों, डायवर्सन, खतरनाक या दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर संकेतक, रैलिंग, सूचना बोर्ड आदि लगाएं।

# जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए ड्यूटी निर्धारित

### कले टर ने जारी किए आदेश जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 07642-251179

मंडला यशोः- जिला आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मानसून सत्र 2023 में वर्षाकाल के दौरान बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम कले टर कार्यालय के अधीक्षक कक्ष में स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 07642-251179 है। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कंट्रोल रूम में जिले से प्राप्त शिकायतों के समन्वय के संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के तहत जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन प्रभारी एडीएम मीना मसराम तथा जिला स्तरीय बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम प्रभारी एसएलआर मुन्नालाल तिवारी हैं। जिला स्तरीय बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम में 24 घंटे की ड्यूटी के लिए सहायक के रूप सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख हीरालाल तिवारी, इंद्रजीत सिंह, रामसिंह उलाड़ी तथा प्रभारी लिपिक मनोज राय को नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम में सुबह 8 बजे से 2 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक की 2 शि ट निर्धारित की गई है जिसमें दिनवार अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित है।

जारी आदेश के तहत रविवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए खेलकूद अधिकारी रवि ठाकुर तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए जिला समन्वयक जन अभियान राजेन्द्र चौधरी, सोमवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए रा.नि नजूल अनीता मडावी तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए सहा. संचा. एलएस सेंद्राम, मंगलवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए रा.नि. नजूल प्रज्ञा स्वामी तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए सहा.संचा. एसीटीडब्ल्यू डीएस उद्दे, बुधवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए सहा.संचा.पि. वर्ग दिलीप श्रीवास तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए सहा.संचा. एलएस सैयाम, गुरूवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए नापतौल अधिकारी जीपी मरावी तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए जिला उद्योग एवं व्यापार एनके बास्कले, शुक्रवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए जिला परियोजना समन्वयक डीपी ठाकुर तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए संयोजक एसीटीडब्ल्यू रंजीत गुप्ता, शनिवार के दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए खादी ग्रामोद्योग विजय धुर्वे तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए जिला विपणन अधिकारी कृष्णराज परतेती की ड्यूटी लगाई गई है।

## विगत एक माह में जारी हुए 759 हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टे

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशन में मंडला जिले में बीते एक माह में विशेष अभियान चलाकर वनाधिकार पट्टे के सर्वे, परीक्षण एवं जारी करने की प्रक्रिया संचालित है। विगत एक माह में 759 हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टे जारी भी किए गए हैं। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य पर परागत वन निवासियों को वन अधिकारों और वन भूमि में अधिभोग को मान्यता प्रदान करने के लिए यह अभियान चलाया गया है।

वनाधिकार पट्टे जारी करने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत राजस्व, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा जनजातीय कार्यविभाग के अमले को जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में राजस्व, वन और ग्रामीण विकास के अमले को संयुक्त रूप से संबंधित क्षेत्र में सर्वे करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त दल ने सर्वे की कार्यवाही समय में पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जिसके आधार पर विगत एक माह में 759 हितग्राहियों के लिए वनाधिकार पट्टे जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पश्चिम सामान्य वनमंडल ने 616, पूर्व सामान्य वनमंडल में 131 एवं बफर जोन वनमंडल में 12 हितग्राहियों को वनभूमि पट्टे जारी किए गए। वनाधिकार पट्टा मिलने से ये हितग्राही शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कले टर ने विगत एक माह में वनाधिकार पट्टे के सर्वे, परीक्षण एवं जारी करने की प्रक्रिया में संलग्न अमले को बधाई दी है।

### जनपद नारायणगंज में बाढ़ नियंत्रण के लिए नंबर जारी

मंडला यशोः-मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज ने बताया कि कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार वर्षाकाल के दौरान अतिवृष्टि, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा की संभावनाओं को देखते हुए जनपद पंचायत नारायणगंज में बाढ़ नियंत्रण के लिए नंबर जारी किया गया है। तहसील नारायणगंज का नंबर 9425359361 है। इसी प्रकार थाना टिकरिया का नंबर 07643-224237 है।

## दवाई स्टोर के मैनेजमेंट में गड़बड़ी पर होगी एफआइआर - कले टर

### बड़ी खैरी स्टोर रूम के औचक निरीक्षण में पहुँची कले टर



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय दवा स्टोर रूम का बुधवार को दोपहर में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टोर रूम में संधारित की गई दवाईयों की विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधितों को निर्देशित किया कि दवा स्टोर रूम का मैनेजमेंट पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करें। दवाईयों के मैनेजमेंट में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध एफ़आइआर दर्ज की जाएगी। कले टर ने इस दौरान ई-औषधि पोर्टल की जानकारी ली। उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि दवाइयों की अपडेट स्थिति भी रखें।

**सीएमएचओ करें स्टोर रूम का निरीक्षण**

कले टर ने सीएमएचओ डॉ. श्रीनाथ सिंह को निर्देशित किया कि जिले के सभी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम का विशेष रूप से निरीक्षण करें तथा इसकी नियमित रिपोर्ट दें। कले टर ने कहा कि इन्सपे शन के दौरान बारिश के मौसम में सर्पदंशरोधी दवाईयों सहित अन्य ज़रूरी दवाइयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें।

**सर्पदंशरोधी दवाईयां अनिवार्यतः स्टॉक में रखें**

कले टर ने निर्देशित किया कि बारिश के दौरान सर्पदंशरोधी दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में जिन इलाकों से सर्पदंश की घटनाएँ ज्यादा होती हैं उन क्षेत्रों में इन दवाइयों को तत्काल भेजें। उन्होंने घुघरी, मवई एवं बिछिया क्षेत्र के लिए सर्पदंशरोधी दवाईयाँ पर्याप्त मात्रा में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान स्टॉक में रखी गई दवाइयों का विस्तृत निरीक्षण किया एवं उनके उपयोग, वितरण एवं रख-रखाव से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला यशोः-प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक भगतसिंह ग्राम खहरिया निवासी की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान को कुल 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मृतक के निकटतम वारसान आवेदिका तिलकोबाई को कुल 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि संबंधित के बैंक खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## जनसुनवाई में 89 आवेदकों की सुनी समस्याएं

मंडला यशोः- जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड एवं अपर कले टर मीना मसराम ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत इमलीटोला निवासी रिंकी ने समग्र आईडी सत्यापन के संबंध में, ग्राम सकवाहकला के ग्रामवासियों ने अवैध कब्जा के संबंध में, ग्राम पंचायत तिंदनी निवासी अंजू धुर्वे ने संबल योजना अंतर्गत अनुदान राशि के संबंध में, ग्राम बिलगांव निवासी पूषा बाई ने प्रधानमंत्री आवास से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में 89 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वयं का रोजगार स्थापित करने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मण्डला के लिए 40 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रबंधक खादी तथा ग्रामोद्योग ने बताया कि बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे- सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग, क प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, प्ल बर, दोनापत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मर मत, ट्रे टर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, ढाबा रेस्टोरेन्ट, राईस मिल, फोटोकॉपी, क प्यूटर ऑनलाईन सर्विस, आटाचक्की, तेल मिल, टेन्ट हाउस, फर्नीचर निर्माण, एवं रेपेरिंग, निर्माणकार्य से सबंधित आदि ट्रेडों में स्वयं का व्यवसाय किये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक, खादी ग्रामोद्योग जिला पंचायत मण्डला मोबाईल न बर- 8959500194 एवं एस.एल. वरकडे मो. 9424361125 पर स पर्क कर सकते हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय मण्डला में रक्तदान शिविर स पन्न



मंडला यशोः-मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश मान0 एस0के0 जोशी के निर्देशन में एवं श्री डी0आर0 कुमरे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला के कुशल मार्गदर्शन में ब्लड बैंकों में खून की कमी के कारण जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पाने की परिस्थितियों पर विचार करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय, मण्डला द्वारा 27 जून 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर मण्डला में रक्तदान शिविर का आयोजन माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा रिबिन कटिंग की जाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

उक्त रक्तदान शिविर में कार्यालय प्रमुख सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला श्री डी0आर0 कुमरे द्वारा रक्तदान किया जाकर रक्तदान कार्यक्रम का आरंभ किया गया, उसके पश्चात् एल.ए.डी.सी.एस. असिस्टेंट श्री आशीष आनंद पाण्डे सहित अन्य अधिवक्तागणों एवं न्यायालय के कर्मचारीगणों सहित कुल 18 व्यक्तियों द्वारा बारी-बारी से रक्तदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। इस प्रकार कुल 18 युनिट रक्तदान किया जाकर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया गया। श्री डी0आर0 कुमरे जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने आमजनों को रक्तदान के लिए जागरूक करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा म0प्र0 में ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को दृष्टिगत रखते किया गया ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। उन्होंने रक्तदान की आवश्यकता के संबंध में बताते हुए लोगों से अनुरोध किया कि वे स्वयं एवं अपने निकट संबंधियों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करे ताकि आवश्यकता होने पर किसी भी मरीज को रक्त उपलब्ध हो सके।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297